04/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एनडीए सरकार भारत को विकसित देश बनाने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। बिहार के जमुई में चुनावी रैली में श्री मोदी ने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी धुव्र पर अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक उतारने वाला पहला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने आतंकी गतिविधियों में शामिल और ऐसी गतिविधियों को समर्थन देने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग बिहार के युवाओं के लिए कभी कुछ भी अच्छा नहीं कर सकते, उन्होंने युवाओं से जमींन लेकर रेलवे में नौकरी दी थी।

0000**000000000000000**

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर फैलाये जा रहे उस भ्रामक संदेश को फर्जी करार दिया। जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर सकते। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी मतदाता सुविधा केन्द्र से डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर सकते हैं। आयोग ने लोगों से जागरुक रहने और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने को कहा है। प्रामाणिक जानकारी के लिए लोगों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने को कहा गया है।

0000**000000000000000**

मुख्यमंत्री पेमा खांडु ने गत बुधवार को दावा किया कि लोगों के बीच भाजपा की लोकप्रियता के कारण कई कांग्रेस उम्मीदवारों ने चुनावी दौड़ छोड़ दिया है। श्री खांडू ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य के लोगों ने भाजपा द्वारा शुरू किए गए विकास पथ को देखा है और कहा कि केवल भगवा पार्टी ही राज्य को आगे विकास की ओर ले जा सकती है। मुख्यमंत्री ने राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नबाम तुकी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि, भाजपा ने कभी भी धन संस्कृति में विश्वास नहीं किया और किसी भी कांग्रेस उम्मीदवार को चुनाव में आत्मसमर्पण करने के लिए कभी भी धन द्वरा आकर्षित नहीं किया। ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केवल भाजपा ही राज्य में विकास ला सकती हैं।" श्री तुकी ने मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने उम्मीदवारों को पैसे का लालच देने का आरोप लगाया था।

0000**000000000000000**

अरुणाचल प्रदेश में 18वीं लोकसभा और 11वीं विधानसभा के लिए आगामी आम चुनावों के मद्देनजर, सामान्य पर्यवेक्षक सज्जन आर. ने गत बुधवार को दिरांग विधानसभा क्षेत्र के तहत संवेदनशील और महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं (एएमएफ), बूथ व्यवस्था, पहुंच, मार्ग योजना और चुनावी दिशानिर्देशों के पालन के संबंध में चीजों की उपलब्धता का आकलन करने के लिए दिरांग मुख्यालय ईस्ट और वेस्ट, चुग, लिश, रामाकैंप, सैप्पारकैंप, सांगती, दारबू, दांगसिन मतदान केंद्रों का दौरा किया।

सामान्य पर्यवेक्षक ने चुनाव तैयारियों और मतदाता जागरूकता की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करने के लिए जिला चुनाव अधिकारियों के साथ-साथ मतदाताओं से भी बातचीत की।

0000**000000000000000**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाईक ने गालो समुदाय के वार्षिक कृषि-आधारित त्योहार मोपिन की पूर्व संध्या पर राज्य के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह उत्सव राज्य की सभी जनजातियों के बीच शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देगा। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा, मोपिन अरुणाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक है, जो राज्य की जीवंत सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करता है। अरुणाचल प्रदेश के कई अन्य मूल उत्सवों की तरह, इसकी जड़ें कृषि परंपराओं में गहरी हैं। समृद्धि की देवी को समर्पित, मोपिन प्रचुरता और फलदायी फसलों के लिए सामुदायिक प्रार्थना के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि, "मुझे पूरा विश्वास है कि यह उत्सव हमारे समाज में समृद्धि और भरपूर पैदावार लाएगा।"

0000**000000000000000**

समाज के कमजोर वर्गों की महिलाओं को "त्वरित, आसान और सुलभ कानूनी सहायता" प्रदान करने के लिए गत बुधवार को वेस्ट सियांग जिले के आलो स्थित महिला पुलिस स्टेशन में एक कानूनी सहायता क्लिनिक शुरू किया गया। इससे कैदियों और लापता बच्चों के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों में भी लाभ होगा।

जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से अरुणाचल प्रदेश राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (APSLSA) द्वारा स्थापित कानूनी सहायता क्लिनिक का उद्घाटन APSLSA के सदस्य सचिव योमगे आदो ने किया। 0000**00000000000000**

मंगलवार शाम ईटानगर के डी.के. कन्वेंशन हॉल में आयोजित ग्रैंड फिनाले में लोअर सुबनसिरी जिले की तादु लूनिया को मिस अरुणाचल 2024 का ताज पहनाया गया। पापुम पारे की आन्या ताबा को प्रथम उपविजेता चुना गया, जबकि लोंगडिंग जिले के एडम वांगसु ने दूसरे उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। 22 वर्षीय लूनिया ने खिताब जीतने के बाद कहा, "जीवन के प्रति मेरा दृष्टिकोण हर दिन सीखना और बढ़ना है और अपने लिए एक ऐसा जीवन बनाना है जिसे मैं गर्व और पुरानी यादों के साथ देख सकूं।" लेक्चरर बनने की इच्छा रखने वाली तादु लूनिया के पास समाजशास्त्र में डिग्री है।

0000**00000000000000**

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी राजस्थान से चुनी गई हैं। बारह अन्य नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसदों ने भी शपथ ली। इनमें भाजपा के आर पी एन सिंह, जे डी यू के संजय कुमार झा और कांग्रेस के अजय माकन शामिल हैं।

0000**00000000000000**